कौन सा रंग तुझे भाए रे कन्हैया

अरे कौन सा रंग , तुझे भाए रे कन्हैया,
कौन सा रंग , तुझे भाए रे कन्हैया,
तू बता दे मुझे , मैं लगा दूं तुझे ,ओ मेरे सांवरिया,

अरे प्रेम का रंग , मुझे भाए रे गुजरिया ,
प्रेम का रंग , मुझे भाए रे गुजरिया,
तू लगा दे मुझे , मैं लगा दूं तुझे , ओ मेरी गुजरिया,

ओ कान्हा, तुझको रंग लगाने , आई हूँ बरसाने से ,
नीला पीला, रंग गुलाबी , लाई हूँ बरसाने से ,
प्रेम का रंग कान्हा , कैसे लगाऊं ,
प्रेम का रंग कान्हा, कैसे लगाऊं ,
डरती हूँ मैं जमाने से,

ओ राधा , तू डर ना किसी से , आजा मेरे पास में ,
क्या कर लेगा, तेरा जमाना, जब मैं हूँ तेरे साथ में ,
प्रेम के रंग से , मुझको रंग दे ,
प्रेम के रंग से, मुझको रंग दे ,
आजा मेरे पास में,

ओ कान्हा , तुझ पे करके भरोसा , आई हूँ तेरे पास में ,
प्रेम के रंग से खेले होली, आजा दोनों साथ मैं,
तू हैं मेरा , मैं हूँ तेरी ,
तू हैं मेरा, मैं हूँ तेरी,
सबको बता दे आज ये,

अरे प्रेम का रंग, हमे भाए रे कन्हैया ,
प्रेम का रंग, हमे भाए रे कन्हैया,
मैं लगा दूं तुझे, तू लगा दे मुझे, ओ मेरे सांवरिया,

Lyrics - Jay Prakash Verma, Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34513/title/kaun-sa-rang-tujhe-bhaye-re-kanhaiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |